
# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | **Monthly Publication**

अगस्त 2005 (अंक 149) | **August 2005 (Issue 149)**

श्री अनिल भट्टाचार्या, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, माननीय वित्त मंत्री, हरियाणा सरकार श्री वीरेन्द्र सिंह के साथ हरियाणा के लिए 2005-06 के लिए अल्प बचत के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये किये गये उपायों के बारे में विचार-विमर्श करते हुए।

## माननीय वित्त मंत्री हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय बचत की समीक्षा

श्री अनिल भट्टाचार्या, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 5 से 8 अगस्त 2005 तक चंडीगढ़ भ्रमण किया एवं माननीय श्री वीरेन्द्र सिंह, वित्त मंत्री, हरियाणा सरकार एवं वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, एवं अल्प बचत विभाग, हरियाणा सरकार के अधिकारियों से मुलाकात किया। वे इन अधिकारियों से हरियाणा सरकार के लिए वर्ष 2005-06 के दरम्यान अल्प बचत के अंतर्गत निर्धारित 2300 करोड़ रुपये संकलन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किये गए उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा किया। माननीय वित्त मंत्री के साथ बातचीत के दरम्यान श्री भट्टाचार्या ने 2004-05 के दरम्यान देश में अल्प बचत के अंतर्गत 90,000 करोड़ रुपये के रिकार्ड संकलन की प्रशंसा की एवं इसके लिए राज्य सरकारों की भूमिका की प्रशंसा की।

उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय बचत संगठन की पुनर्रचना राष्ट्रीय बचत संस्थान में होने के बाद इस संस्थान का मुख्य कार्य बाजार अनुसंधान, राज्य सरकारों/डाक विभाग/बैंकों एवं अन्य एजेन्सियों के अधिकारियों के प्रशिक्षण का कार्य है, जो बचत के कार्य में संलग्न है। उन्होंने हरियाणा सरकार के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव किया ताकि वे वित्तीय बाजारों के नए चुनौतियों का मुकाबला कर सकें एवं राज्य में अधिकतम संग्रहण में मदद मिल सके। इन्होंने माननीय वित्त मंत्री से मुलाकात के दरम्यान यह भी कहा कि भारत विश्व बचत बैंक संस्थान का एक अहम सदस्य है एवं भारत द्वारा विश्व बचत बैंक संस्थान एशिया प्रशांत क्षेत्रीय समूह के अध्यक्ष के रूप में किये गये कार्यों की सराहना की। श्री भट्टाचार्या ने भ्रमण के दौरान निदेशक अल्प बचत, पंजाब एवं श्री एल. के. पुरी मुख्य डाक महाध्यक्ष, हरियाणा व पंजाब से वार्ता की तथा निवेशकों और अभिकर्ताओं को हो रही कठिनाईयों के बारे में सूचित किया।




जालंधर में दि. **12.8.2005** को आयोजित राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ केंद्र द्वारा अभिकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री सतवंत सिंह जोहल निदेशक अल्प बचत, पंजाब सरकार दिखाई दे रहे है। साथ में (बायें से दायें) श्री बलविंदर सिंह सहायक निदेशक एन.एस.आई., श्री. एम.के. मल्होत्रा, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ केंद्र एवं श्री राजीव कौशिक जिला बचत अधिकारी, पंजाब सरकार।

## एन.एस.आई. समस्या निवारण के लिए एकल खिड़की योजना को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाया।

छोटे निवेशकों के माध्यम से सरकार की जिम्मेदारी में सुधार लाने के उद्देश्य से वित्त मंत्रालय (आ.का.वि.) ने निवेशकों की समस्याओं को दूर करने के लिए एवं चाही गई जानकारी देने के लिए एक वेबसाईट का निर्माण करने का निर्णय किया है, जिसे एक खिडकी यांत्रिक तकनीक के माध्यम से संचालन किया जायेगा। इस वेबसाईट का निर्माण राष्ट्रीय सूचना केंद्र के सहयोग से किया जायेगा जिसे राष्ट्रीय बचत संस्थान के दस क्षेत्रीय केंद्रों एवं वित्त मंत्रालय से जोड़ दिया जायेगा जिससे कि निवेशक अपनी शिकायत/पूछताछ किसी भी क्षेत्रीय केंद्र पर दर्ज करा सकते है एवं उसका निपटारा समयबद्ध अवधि के अन्तर्गत हो जायेगा।

एक समन्वय समिति का गठन प्रत्येक राज्य में किया जायेगा जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक करेंगे एवं राज्य सरकार, डाक विभाग, बैंक अवं अभिकर्ताओं के प्रतिनिधि उसमें भाग लेंगे एवं क्षेत्रीय निदेशकों के उस राज्य के दौरे की तारीख की स्थानीय दैनिक समाचार पत्र एवं डाकघरों एवं बैंक की शाखाओं में सूचना के माध्यम से सिका विस्तृत प्रचार किया जायेगा कि उक्त तिथि को क्षेत्रीय निदेशक जनता के लिए उपलब्ध होंगे।

जुलाई **2005** में क्षेत्रीय केंद्र मुंबई द्वारा पुणे में अल्प बचत अभिकर्ताओं एवं निवेशकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें एक खिडकी यांत्रिक तकनीक के शुरू होने एवं उससे सम्बन्धित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।



श्री अनिल भट्टाचार्या, भट्टाचार्या, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, मुंबई केंद्र द्वारा पुणे में आयोजित अभिकर्ताओं एवं निवेशकों की बैठक में एन.एस.आई. के अभिकर्ताओं एवं निवेशकों के शिकायतों को दूर करने के लिए बाह्य तकनीकी उपाय पर आधारित वेबसाईट एन.एस.आई. द्वारा वेबसाईट के निर्माण के बारे में समझाते हुए। साथ में (बायें से दायें) श्रीमती राउत, अध्यक्ष, अभिकर्ता संगठन, पुणे, श्री नासिर सज्जाद, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संगठन, मुंबई केंद्र, श्री आपटे, उप-निदेशक, अल्प बचत, पुणे, महाराष्ट्र सरकार, श्री बी.के. डांगे, उप-क्षेत्रीय निदेशक, एवं श्री गवाडे, उप निदेशक, अल्प बचत, महाराष्ट्र सरकार।




श्रीमती यास्मिन अहमद, चेयरमैन, तमिलनाडु लोकसेवा आयोग, चेन्नई, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चेन्नई केंद्र द्वारा चेन्नई में आयोजित वेतन बचत दिवस समारोह के अवसर पर 2004-05 के दरम्यान सबसे अच्छे वेतन बचत समूह का वैजन्ती श्री टी. प्रेमकुमार, शाखा प्रबंधक, एम.टी.सी. डिपो, अमनावरम को प्रदान करते हुए। साथ में (बायें से दायें) श्री वी. सेल्मकुमार, आई.पी.एस. निदेशक, डाक सेवाएँ, चेन्नई, श्री वी. राजू बाबू, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चेन्नई केंद्र, श्री के. श्रीनिवास राघवन, स्टेशन निदेशक, आकाशवाणी, चेन्नई, श्री टी. मूर्ति, आई.ए.एस. आयुक्त, अल्प बचत, तमिलनाडु सरकार एवं श्री पी. शानमुगम, उपनिदेशक, एन.एस.आई. चेन्नई केंद्र।

## भारत सरकार ने डाकघर बचत बैंक खाता योजना में संशोधन किया।

वित्त मंत्रालय (आ.का.वि.) भारत सरकार सरकारी बचत बैंक अधिनियम, 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डाकघर बचत खाता नियम, 1981 का अधिसूचना क्रमांक जी.एस.आर. 509 (ई) दिनांक 27 जुलाई 2005 द्वारा संशोधन किया है। इन नियमों का नाम डाकघर बचत खाता (दूसरा संशोधन) नियम 2005 है। ये उनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

संशोधन के तहत किसी व्यक्तिगत खातों से भिन्न किसी खाते में कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की जायेगी। किसी व्यक्तिगत खाते से भिन्न किसी खाते में परादेय अतिशेषों का 31 दिसम्बर, 2005 से पश्चात् किसी तारीख को जमाकर्ता को प्रतिदाय कर दिया जायेगा। किसी व्यक्तिगत खाते से भिन्न किसी खाते में जमा राशियाँ 31 दिसम्बर, 2005 के पश्चात ब्याज उपार्जित नही करेगी। रकम के निकाले जाने या प्रतिदाय के माध्यम से 31 दिसम्बर 2005 को या उससे पूर्व बंद किये गये किसी व्यक्तिगत खाते से भिन्न किसी खाते पर ब्याज उस मास के लिए भी अनुपाततः आधार पर अनुज्ञात होगा जिसमें खाता बंद किया जाता है।




श्री अनिल भट्टाचार्या, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, एन.एस.आई. नागपुर केंद्र द्वारा आयोजित वेतन बचत दिवस के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए। साथ में (बायें से दायें) श्री दीपक वर्मा, क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.आई., श्री रजनीश गुप्ता, आई.टी.एस. चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, खनिज गवेषण निगम लिमिटेड, श्री. एस.के. त्रिपाठी, उप राष्ट्रीय बचत आयुक्त, एवं श्री पदम सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.आई. नागपुर केंद्र।

# अप्रैल 2005 से जून 2005 तक अल्प बचत संग्रहण

(करोड़ रुपये)

| अनु. क्र. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2004 तक | | जून 2005 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2121.50 | 1020.81 | 2419.80 | 1060.09 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 17.25 | 8.82 | 13.21 | 6.77 |
| 3. | असम | 556.29 | 190.57 | 518.25 | 125.67 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 5.27 | 1.66 | 7.18 | 3.48 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 127.15 | 59.25 | 88.48 | 12.54 |
| 6. | बिहार | 1260.55 | 513.92 | 1223.30 | 447.30 |
| 7. | झारखंड | 582.63 | 319.34 | 593.42 | 222.11 |
| 8. | चंडीगढ | 85.51 | 12.28 | 110.46 | 17.03 |
| 9. | दमण एवं दीव | 4.03 | 2.38 | 9.73 | 3.88 |
| 10. | दिल्ली | 1990.09 | 1076.14 | 1882.06 | 826.04 |
| 11. | गोवा | 133.44 | 85.53 | 126.70 | 70.66 |
| 12. | गुजरात | 3640.09 | 1816.70 | 4020.90 | 1695.90 |
| 13. | हरियाणा | 1128.89 | 391.41 | 1253.82 | 404.71 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 468.10 | 180.13 | 577.99 | 196.83 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 288.43 | 112.71 | 379.44 | 134.49 |
| 16. | कर्नाटक | 1614.14 | 691.28 | 1887.53 | 830.16 |
| 17. | केरल | 1207.14 | 577.73 | 1442.49 | 648.90 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.22 | 0.09 | 0.23 | 0.11 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 1185.72 | 492.71 | 1173.09 | 422.67 |
| 20. | छत्तीसगढ | 205.62 | 111.07 | 334.56 | 146.30 |
| 21. | महाराष्ट्र | 4405.86 | 2364.69 | 5065.67 | 2605.19 |
| 22. | मणिपुर | 19.32 | 5.14 | 23.55 | 6.25 |
| 23. | मेघालय | 36.42 | 10.59 | 40.51 | 12.09 |
| 24. | मिझोरम | 20.51 | 9.28 | 27.94 | 9.52 |
| 25. | नागालैंड | 7.89 | 4.06 | 7.25 | 2.42 |
| 26. | उडीसा | 624.66 | 265.08 | 692.26 | 276.57 |
| 27. | पांडीचेरी | 22.04 | 7.38 | 28.30 | 10.08 |
| 28. | पंजाब | 2126.42 | 763.61 | 2317.54 | 672.64 |
| 29. | राजस्थान | 1919.91 | 946.22 | 1957.95 | 738.35 |
| 30. | सिक्कीम | 14.90 | 4.06 | 18.13 | 4.30 |
| 31. | तमिलनाडू | 2187.49 | 983.26 | 2714.10 | 1177.43 |
| 32. | त्रिपूरा | 92.14 | 36.61 | 114.44 | 46.78 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 3284.22 | 1272.56 | 4026.34 | 1396.75 |
| 34. | उत्तरांचल | 481.86 | 208.41 | 489.26 | 180.68 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 4267.24 | 1993.08 | 5171.13 | 2357.16 |
| | कुल | **36132.94** | **16538.59** | **40757.02** | **16771.61** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे सामन्जस्य अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. (बैंक) संग्रहण शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR